No. of Printed Pages : 3

एम.एच.डी.-7

04845

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम.एच.डी.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2010

एम.एच.डी.-7 : भाषा-विज्ञान और हिन्दी भाषा

समय : 2 घण्टे | *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।*

---

1. भाषा के बारे में चॉम्स्की के विचारों का उल्लेख कीजिये। 10

अथवा

भाषा वैविध्य की संकल्पना का हिन्दी के संदर्भ में विवेचन कीजिए।

अथवा

कोश किसे कहते हैं? कोश निर्माण की प्रक्रिया समझाइए।

2. संचार और सम्प्रेषण की संकल्पनायें स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

आधारभूत वाक्य और व्युत्पन्न वाक्य की संकल्पना को सोदाहरण समझाइये।

अथवा

भाषा शिक्षण की प्रमुख विधियों को समझाते हुये भाषा शिक्षण की अधुनात्मक भूमिका पर प्रकाश डालिये।

3. निम्नलिखित में से ***किन्हीं तीन*** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिये : 3x5=15

(क) भाषा और बोली का सम्बन्ध

(ख) हिन्दी में अनुवाद से सम्बद्ध समस्यायें तथा निदान

(ग) वाक्य विश्लेषण के स्तर

(घ) शब्द और अर्थ का सम्बन्ध

(ङ) हिन्दी, उर्दू और हिन्दुस्तानी

4. निम्नलिखित प्रश्नों का लगभग *50* शब्दों में उत्तर दीजिये : 5x1=5

(क) समाज भाषा विज्ञान

(ख) भाषा के सामाजिक स्तर भेद

(ग) जन संचार का महत्त्व

(घ) सम्पर्क भाषा बनाम राजभाषा

(ङ) ध्वनि परिवर्तन की दिशायें

5. पूरा वाक्य लिखकर उसके सामने उल्लेख कीजिये कि कथन सही है अथवा गलत : 5x1=5

(क) विवृत स्वरों के उच्चारण में मुँह सबसे कम खुलता है।

(ख) य, र, ल, व व्यंजन अन्तस्थ व्यंजन हैं।

(ग) साहित्य एक भाषिक कला है।

(घ) लौकिक जगत की कोटियां वास्तविक जगत में उनकी भूमिकाओं के आधार पर निर्धारित होती हैं।

(ङ) वाक्य में कर्ता ही यह निश्चित करता है कि वाक्य में कितने और कौन–कौन से कारकों की अपेक्षा है।

6. उचित शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिये : 5x1=5

(क) पदबंधों का अध्ययन __________ के अन्तर्गत होता है।

(शब्दविज्ञान / रूप विज्ञान / वाक्य विज्ञान)

(ख) संदेश-संप्रेषण की दृष्टि से __________ भाषा की मूल इकाई है।

(वाक्य / प्रोक्ति / पदबंध)

(ग) __________ में केवल क्रिया ही वाक्य का मुख्य नियंत्रक तत्व होता है।

(को-वाक्य / कोम्यूला वाक्य / क्रिया प्रधान वाक्य)

(घ) __________ अनेकार्थी शब्द का उदाहरण है।

(अंक / दस)

(ङ) जिसकी हितपूर्ति क्रिया से हो उसे __________ कारक कहते हैं।

(अपादान / अधिकरण / सम्प्रदान)